# HINDI

## Paper 1

(*Two Hours*)

***Answers to this paper must be written on the paper provided separately.***

*You will NOT be allowed to write during the first 15 minutes.*

*This time is to be spent in reading the question paper.*

***The time given at the head of this paper is the time allowed for writing the answers.***

---

*Attempt* ***ALL*** *questions.*

*The intended marks for questions or parts of questions are given in brackets [ ].*

---

**Question 1**

Write a short composition in **Hindi** NOT less than **four hundred (400)** words on any one of the following topics :— [25]

निम्नलिखित विषयों में से किसी **एक** पर **हिन्दी** में संक्षिप्त प्रस्ताव लिखिए जो **चार सौ (400)** शब्दों से कम न हो :—

(i) आपके विद्यालय में 'वार्षिक-उत्सव' इस वर्ष किस ढँग से मनाया गया, सटीक वर्णन कीजिए ।

(ii) कुछ समस्याएं ऐसी होती हैं जो पूरे समाज को प्रभावित करती हैं और उसे अपूरणीय क्षति पहुँचाती हैं । 'प्रदूषण समस्या' इनमें से एक है । इस विषय पर अपने विचार व्यक्त कीजिए ।

(iii) रुपये के रूप, रंग, आकार-प्रकार तथा महत्व से आप सभी परिचित हैं । इस विषय को ध्यान में रखकर आत्मकथा शैली में (अपने को रुपया मानकर) एक प्रस्ताव लिखिए ।

(iv) "किसी भी देश की आजादी उस देश के वीर पुरुषों के बलिदान पर ही आधारित होती है ।'' इस कथन को ध्यान में रखकर किसी महान सेनानी की जीवनी लिखिए ।

(v) निम्नलिखित सूक्ति को आधार बनाकर एक मौलिक कहानी लिखिए —

'पर हित सरिस धरम नहिं भाई' ।

---

**This paper consists of 5 printed pages and 1 blank page.**



© *Copyright Reserved*

**(vi)** नीचे दिये गये चित्र को ध्यान से देखिए और इस चित्र को आधार बनाकर वर्णन कीजिए । वर्णन का सीधा और स्पष्ट सम्बन्ध चित्र से होना चाहिए ।



## Question 2

Write a letter in **Hindi** on any **ONE** of the topics given below :— [15

निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर **हिन्दी** में पत्र लिखिए :—

**EITHER**

आपको कुछ पुस्तकों की आवश्यकता है जो आपके अपने नगर में पुस्तक विक्रेता की दुकान पर उपलब्ध नहीं हैं । इस सन्दर्भ में प्रकाशक को एक पत्र लिखकर वी० पी० पी० द्वारा पुस्तकें भेजने के लिए निवेदन कीजिए ।

**OR**

आपके एक मित्र ने एक पुस्तक मात्र पन्द्रह दिन तक पढ़ने के लिए आपसे ली थी । एक माह से अधिक समय बीत गया । बार-बार माँगने पर भी उसने पुस्तक आज तक नहीं लौटाई । इस हेतु, नाराज़गी प्रकट करते हुए एक पत्र लिखकर तुरन्त पुस्तक लौटाने का आग्रह कीजिए ।

**Question 3**

Read the passage given below carefully and answer in **Hindi** the questions that follow, using your own words as far as possible :—

नीचे लिखे गद्यांश को ध्यान से पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर **हिन्दी** में लिखिए । उत्तर जहाँ तक हो सके आपके अपने शब्दों में होने चाहिए :—

राजा उत्तानपाद और सुनीति की संतान ध्रुव ब्रह्मा का वंशज था । पिता का लाड़-प्यार पाने की इच्छा से उसने जब भी अपने पिता की गोद में बैठना चाहा, तो विमाता सुरुचि ने उसे गोद में बैठने नहीं दिया । अपमानित ध्रुव मन-मसोसकर रह जाता और अपनी माँ के पास जाकर रोता । समस्या बहुत गम्भीर थी । शान्त-हृदया माँ ने पुत्र को तप करने के लिए प्रेरित किया । तप करने जाते हुए ध्रुव को मार्ग में नारद मिले । उन्होंने कहा, "तुम महज क्रोध में आकर कोई शत्रुतापूर्ण कार्य तो नहीं करने जा रहे हो ?" नारद की इस शिक्षा और ध्रुव के निश्चय में कोई विरोध न था । अत: जब नारद जी ने ध्रुव को अपने व्रत पर दृढ़ देखा तो उन्होंने भी आशीर्वाद दिया । बोले— "पुत्र ! तेरी माता ने तुझे जिस मार्ग पर चलने का उपदेश दिया है, वही तेरा कल्याण करने वाला है । तू भगवान की आराधना कर ।"

ध्रुव ने सच्चे मन से लीन होकर कठोर तप किया । अंत में उसे ईश्वर के दर्शन हुए । उसका तप सफल हो गया । वह फिर महल में पहुँचा । उसके पिता ने खूब आदर-सत्कार किया और अंत में, उसका राजतिलक कर, स्वयं विरक्त होकर वन में चले गए ।

राजसिंहासन पर बैठकर ध्रुव प्रजा की भलाई करने लगा । इसी बीच उसका सौतेला भाई उत्तम एक दिन हिमालय की तलहटी में शिकार करने गया । यहाँ यक्षों ने उसकी हत्या कर दी । पीछे से उसकी माता सुरुचि उसे ढूँढ़ने चल दी । वह भी जंगल की आग में जल मरी ।

इस दुखद घटना से ध्रुव आग-बबूला हो उठा । वह यक्षों से बदला लेने चल दिया। यक्षों की राजधानी अलकापुरी पर उसने हमला किया । यक्ष भी लड़ाकू थे । वे भी छल-बल कौशल से ध्रुव पर हर प्रकार से आक्रमण करने लगे । दोनों ओर से घमासान युद्ध हुआ । ध्रुव के आगे यक्षों की एक न चली और अंत में उन्होंने घुटने टेक दिए । सारा रणक्षेत्र शवों से पट गया । सारी युद्ध-भूमि जीवित यक्ष योद्धाओं से खाली हो गई ।

ध्रुव का क्रोध इतने पर भी शान्त न हुआ । उसने अलकापुरी को अपने तीरों का निशाना बना दिया । निर्दोष यक्ष काल के गाल में जाने लगे ।

अब तक युद्ध योद्धाओं के बीच था किन्तु जब निरपराध यक्ष मारे जाने लगे, तब ध्रुव के दादा महाराज मनु तुरंत वहाँ गए और उन्होंने ध्रुव को इस मार-काट को बंद करने के लिए विवश किया । उन्होंने ध्रुव से कहा, "पुत्र, जिस क्रोध के वश में होकर तुमने इतने निर्दोष यक्षों को मारा है, इस

[15]

क्रोध को अब शान्त करो । क्रोध पतन का द्वार है ।'' मनु ने पोते ध्रुव को न सिर्फ उपदेश ही दिया बल्कि यक्षों के अध्यक्ष कुबेर से क्षमा-याचना के लिए भी ध्रुव से आग्रह किया । दादाजी के सत्परामर्श से ध्रुव का विवेक जागृत हुआ । उसने तुरंत अपनी गलती महसूस की और कुबेर से क्षमा याचना की । क्रोध से क्रोध बढ़ता है और प्रेम से प्रेम । ध्रुव को आत्मग्लानि से भरा देख कुबेर ने उसे गद्‌गद् भाव से हृदय से लगा लिया । इस प्रकार यह शत्रुता खत्म हुई और ध्रुव अपने राज्य को लौट गया ।

**(i)** कथा के आधार पर ध्रुव के परिवार का पूर्ण परिचय दीजिये । [3]

**(ii)** ध्रुव तप करने के लिए क्यों गया था ? तप के बाद उसकी स्थिति में क्या परिवर्तन आया ? [4]

**(iii)** क्रोध के विरुद्ध उसे किस-किसने और कब-कब सलाह दी ? [3]

**(iv)** ध्रुव ने यक्षों पर हमला क्यों किया ? युद्ध का क्या परिणाम हुआ ? [6]

**(v)** महाराज मनु ध्रुव के पास कब आये ? उन्होंने ध्रुव को क्या समझाया ? [4]

**(vi)** महाराज मनु के परामर्श का ध्रुव पर क्या असर हुआ ? [3]

**(vii)** ध्रुव ने कुबेर का हृदय कैसे जीता ? समझाकर उत्तर दीजिए । [2]

**Question 4**

**(a)** Give the meanings of any **FOUR** of the words (Meaning should be according to the word as used in the passage.) [4]

किन्हीं **चार** शब्दों के अर्थ लिखिए । (अर्थ गद्यांश में प्रयुक्त शब्द के अनुरूप होना चाहिए।)

(i) इच्छा (ii) विमाता (iii) समस्या (iv) शत्रुतापूर्ण
(v) विवश (vi) आग्रह ।

**(b)** Give the antonym of any **FOUR** of the following words. (Do not give more than **one word**.) [4]

नीचे लिखे **चार** शब्दों के विपरीतार्थक शब्द दीजिए । (एक से अधिक शब्द न दें ।)

(i) अपमानित (ii) आशीर्वाद (iii) कठोर (iv) निश्चय (v) भलाई (vi) शान्त ।

**(c)** Use the following phrases in sentences of your own :— [4]

नीचे लिखे मुहावरों का अपने वाक्यों में प्रयोग कीजिए :—

(i) काल के गाल में जाना

(ii) मन मसोस कर रह जाना

(iii) घुटने टेकना

(iv) एक न चलना ।

(d) Rewrite the following sentences as instructed :— [3]

निम्नलिखित वाक्यों को निर्देश के अनुसार दुबारा लिखिए :—

(i) माँ ने पुत्र को तप करने के लिए प्रेरित किया ।

(Change the sentence into present tense.)

(वाक्य को वर्तमान काल में बदलिए ।)

(ii) तप करने जाते हुए ध्रुव को मार्ग में नारद मिले ।

(Use **जब** and **तब** in the sentence.)

(वाक्य में **जब** और **तब** का प्रयोग कीजिए ।)

(iii) ध्रुव के आगे यक्षों की एक न चली और अंत में उन्होंने घुटने टेक दिए ।

(Use **क्योंकि** in the sentence.)

(वाक्य में **क्योंकि** का प्रयोग कीजिए ।)

THEEXAMPAPERS.COM
BY CHIRAG AGARWAL